Sh V. S. Jugatsji APL... 691 30/9/2020

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, बीकानेर

कमरा नं. 33, फोन नं. 0151–2522895 Email:-electionbkn@gmail.com

क्रमांकः–DEO/BKN/2020/ 5249 दिनांक :– 29-09-2020

आदेश

इस विभाग के आदेश क्रमांक 597–606 दिनांक 22.01.19 को मतदाता जागरूकता मंच (VAF)का गठन किया गया था जिसके नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी,जिला परिषद बीकानेर को नियुक्त किया गया था ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,निर्वाचन विभाग,जयपुर के पत्रांक 3543 दिंनाक 22.09.20 के अनुसार मतदाता जागरूकता मंच को राजकीय संस्थानों में सक्रिय किया जाना है । वर्तमान में कोविड –19 के कारण आनॅलाईन मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने हेतु NVSP PORTAL/Voter Helpline app का अधिकाधिक प्रयोग किया जाना है।

निर्वाचन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता मंच (Voter Awareness Forum) का भी अध्यक्ष होगा। सभी विभागों को आदेशित किया जाता है कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार अपनी विभागीय वेबसाइट पर www.nvsp.in का लिंक आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करे।

समस्त विभाग कार्यालय स्तर मतदाता जागरूकता फोरम का गठन कर सभी कार्मिको / अधिकारियों को NVSP PORTAL/Voter Helpline app का उपयोग करते हुए अधिकाधिक मतदाता पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें। आनलाईन पंजीकरण में किसी भी प्रकार कि तकनीकी जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 1950 ,नोडल अधिकारी nvsp श्री सत्येन्द्र राठौड़ उपनिदेशक, DOITC बीकानेर ,जिला सूचना एंव विज्ञान अधिकारी, जिला बीकानेर श्री संकल्प शर्मा व इस कार्यालय के दूरभाष 0151–2522895 पर या व्यक्तिशः उपस्थित होकर पोर्टल/मोबाइल एप के बारे में जानकारी ली जा सकती है।

(नमित मेहता) 29/9/20
जिला निर्वाचन अधिकारी
बीकानेर

क्रमांकः–DEO/BKN/2020/ दिनांक :–

प्रतिलपिः–निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान् मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान,जयपुर को पंत्राक 3543 दिंनाक 22.0920 के संबध में
2. श्रीमान् संभागीय आयुक्त बीकानेर सभांग,बीकानेर
3. नोडल अधिकारी VAF एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को विभागीय निर्देशों की प्रति सहित
4. समस्त विभागाध्यक्ष को निर्वाचन विभाग के निर्देशों की प्रति सहित
5. समस्त निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को भेजकर लेख है कि आपके विधानसभा क्षेत्र मे समस्त विभागों से समवन्य स्थापित कर,उन्हें NVSP PORTAL/Voter Helpline app पर पंजीकरण हेतु निर्देशित करे।
6. उपनिदेशक, DOITC बीकानेर को भेजकर लेख है कि NVSP PORTAL/Voter Helpline app की जानकारी सभी विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशानुसार उपलब्ध करवावे।
7. जिला सूचना एंव विज्ञान अधिकारी जिला बीकानेर को पालनार्थ
8. श्री राजेन्द्र कुमार तिवाड़ी व नवीन कुमार प्रजापत सूचना सहायक कार्यालय हाजा को पालनार्थ

(ए.एच.गौरी)
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
बीकानेर